पत्र सूचना कार्यालय (विंग रक्षा)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली: कार्तिक 27, 1944
शुक्रवारः 28 नवंबर 2022

भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात में 20वीं राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड की बैठक आयोजित की

वार्षिक समुद्री खोज और बचाव (एम-एसएआर) बैठकों की श्रृंखला में, भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 18 नवंबर 2022 को गुजरात के केवडिया में 20वीं राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव (एनएमएसएआर) बोर्ड की बैठक आयोजित की। शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक श्री वी एस पठानिया ने कीजो एनएमएसएआर बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।

अध्यक्ष ने अपने उद्घाटन भाषण में बोर्ड के तत्वावधान में एम-एसएआर सेवाओं को मजबूत करने के लिए अन्य हितधारकों/संसाधन एजेंसियों के साथ समन्वय में भारतीय तटरक्षक बल द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। बैठक के दौरान श्री वी एस पठानिया ने राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव योजना-2022 का शुभारंभ किया। यह एम-एसएआर प्रणाली के कामकाज के प्रति एकीकृत और समन्वित दृष्टिकोण को निर्देशित करने के लिए सभी भाग लेने वाली एजेंसियों और हितधारकों के लिए एक नीतिगत दस्तावेज के रूप में कार्य करता है।

विभिन्न समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर विचार-विमर्श और नीतिगत रूपरेखा और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से एसएआर सेवाओं में सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के अलावा, आईसीजी, इसरो, महाराष्ट्र राज्य मत्स्य पालन और कर्नाटक राज्य मत्स्य पालन के विषय विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसके बाद हितधारकों से एजेंडा बिंदुओं पर विचार-विमर्श सत्र आयोजित किए गए और चर्चा की गई।

राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड, जिसमें विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/एजेंसियों के 31 सदस्य, सशस्त्र बलों के सदस्य, सभी तटीय राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं, नीतिगत मुद्दों पर चर्चा करने, दिशानिर्देश और प्रक्रियाएं तैयार करने, राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव योजना की गुण-कारिता का आकलन करने और भारतीय खोज और बचाव क्षेत्र (आईएसआरआर) के विशाल 4.6 मिलियन वर्ग किलोमीटर में नाविकों और मछुआरों के लिए सेवाओं का आकलन करने के लिए वार्षिक बैठक करते हैं।

एबीबी/डीएस